# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :– पी०ए०/ 4397
दिनांक :– 06.11.2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
अध्यक्ष/संयोजक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषय : Commemoration of 150 Years of Vande Matram.

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या – 324/2025/जी०एस० 53/चार–2025–1985152 दिनांक 04 नवम्बर 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से Commemoration of 150 Years of Vande Matram के संबंन्ध में दिनांक 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में 'वंदे मातरम' गीत के 150 वर्ष के अवसर को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुये हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के संलग्न पत्र में उल्लिखित निर्देशानुसार दिनांक 07 नवम्बर 2025 को सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों का भव्यता से कार्यक्रम के आयोजन हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए पत्र में दिये गये निर्देशानुसार समस्त चरणों की गतिविधियों को भी भव्यतापूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें तथा इसकी सूचना संस्कृति विभाग के पोर्टल http://culturalevents.in पर उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रमों की फोटो एवं विडियो Campaign Website पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,
6.11.25
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1 वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीया कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2 वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
3 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।

कुलसचिव

जी०एस०-53
संख्या- 324 /2025 / /चार-2025-1985152

प्रेषक,

एस.पी. गोयल

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

3- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 04 नवम्बर, 2025

विषय- **Commemoration of 150 Years of Vande Mataram.**

महोदय,

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्ध०शा०पत्र संख्या CM-21/1/2025-C&M दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 (छायापति संलग्न) में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025 में हमारे राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि श्री बंकिम चन्द्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' गीत अक्षय नवमी, जो वर्ष 1875 में 07 नवम्बर को थी, के शुभ अवसर पर लिखा गया था। 'वंदे मातरम' गीत पहली बार साहित्यिक पत्रिका 'बंग दर्शन' में उनके उपन्यास 'आनन्दमठ' के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था, जिसका वर्ष 1882 में एक स्वतन्त्र पुस्तक के रूप में प्रकाशन हुआ। उस दौरान, भारत बडे सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तनों से गुजर रहा था और राष्ट्रीय पहचान तथा औपनिवेशिक शासन के प्रतिरोध की चेतना बढ़ रही थी। स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और देशवासियों को एकजुट करने एवं देशभक्ति की नई चेतना जगाने में इस गीत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक मानते हुए इस गीत ने 'भारत की एकता और स्वाभिमान' की जागृत भावना को काव्यात्मक अभिव्यक्ति दी तथा शीघ्र ही यह गीत राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक स्थायी प्रतीक बन गया। यह गीत भारत की मातृभूमि के प्रति प्रेम और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण तथा हमारे देश की संस्कृति की पहचान व उसकी विरासत का प्रतीक है। दिनांक 24 जनवरी, 1950 को 'भारतीय संविधान सभा' द्वारा इसे 'राष्ट्रीय गीत' के रूप में अपनाया गया।

2- राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्त्व के दृष्टिगत संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार (राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति द्वारा 24 अक्टूबर, 2025 को अनुमोदित) के ऊपर सन्दर्भित पत्र के अनुसार पूरे देश में दिनांक 7 नवम्बर, 2025 से दिनांक 7 नवम्बर, 2026 तक चार चरणों में 'वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष' के अवसर को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह चरण निम्नानुसार हैं -

(1) प्रथम चरण (शुभारम्भ सप्ताह) - दिनांक 07 से 14 नवम्बर, 2025 तक।

(2) द्वितीय चरण (गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के साथ) - दिनांक 19 से 26 जनवरी, 2026 तक।

(3) तृतीय चरण (हर घर तिरंगा-2026 के साथ) - दिनांक 07 से 15 अगस्त, 2026 तक।

(4) चतुर्थ चरण (समापन सप्ताह) - दिनांक 01 से 07 नवम्बर, 2026 तक।

3- 'वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के अवसर पर दिनांक 7 नवम्बर, 2025 को सम्पादित की जाने वाली गतिविधियों का विवरण निम्नवत है -

(1) दिनांक 07 नवम्बर, 2025 को लखनऊ में 'राज्य स्तर' का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस आयोजन में सचिवालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया जाए तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रचारित-प्रसारित किया जाए।

(आयोजक- सचिवालय प्रशासन विभाग)

(2) दिनांक 07 नवम्बर, 2025 को प्रदेश के समस्त स्कूलों/वियालयों में सामूहिक रूप से प्रातः 10:00 बजे 'वंदे मातरम्' का गायन किया जाए तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाए।

(आयोजक- बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग)

(3) राज्य स्तर पर प्रदेश में 'वंदे मातरम् कॉन्सर्ट' का आयोजन किया जाए, जिसमें राष्ट्रभक्ति पर आधारित किसी ख्यातिलब्ध गायक को आमन्त्रित किया जाए। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग आदि कार्यक्रम लोहिया पार्क एवं 1090 चौराहा, लखनऊ में आयोजित किए जाएं।

(आयोजक- नगर विकास/नगर निगम, लखनऊ/सूचना एवं जनसम्पर्क एवं संस्कृति विभाग, उ0प्र0)

(4) राज्य स्तर के इस आयोजन का सूचना विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं समस्त जनपदों में लाइव प्रसारण कराया जाए। इसी के समानान्तर समस्त जनपदों में भी भव्य आयोजन सुनिश्चित किए जाएं एवं इस अवसर पर मा0 मंत्रिगण, मा0 सांसदगण, मा0 विधायकगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को 'मुख्य अतिथि' के रूप में आमन्त्रित किया जाए।

(आयोजक- सम्बन्धित जिला प्रशासन)

(5) उच्च शिक्षा संस्थानों में वंदे मातरम् के राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को लेकर विशेष रूप से सेमिनार, संगोष्ठी, परिचर्चा एवं लैक्चर आदि का आयोजन किया जाए, जिसमें युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

(आयोजक- उच्च शिक्षा विभाग)

(6) विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम शहीद स्थलों/स्मारकों एवं अन्य युद्धों में शहीद हुए शहीदों के नाम से बनाए गए 'स्मारकों' पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा 'वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष' के अवसर पर वंदे मातरम् ध्वनि का वादन पी0ए0सी0, पुलिस, स्काउट गाइड आदि के बैण्ड द्वारा किया जाए।

(आयोजक- गृह विभाग)

(7) बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभागों द्वारा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में इस अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कराया जाए। इस हेतु अधिसूचना जारी करते हुए विद्यार्थियों को 'वंदे मातरम्' गीत का इतिहास, अर्थ एवं इसके संदेश की विस्तृत व्याख्या की जाए।

(आयोजक- बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग)

(8) बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में वंदे मातरम् थीम पर आधारित 'देश-भक्ति' की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाए। स्कूलों में रैली/प्रभात फेरी/मार्च-पास्ट के आयोजन सुनिश्चित किए जाएं एवं इन आयोजनों में 'वंदे मातरम्' के गान की धुन बजाई जाए तथा इसका संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति पर आधारित रंगोली, प्रतियोगिताएं, निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं, काव्य पाठ प्रतियोगिताएं, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

(आयोजक- बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग)

(9) 'वंदे मातरम्' की थीम पर कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से वंदे मातरम् के प्रति श्रद्धाभाव समर्पित करते हुए जन-जन तक इसकी आभा को पहुंचाया जाए।

(आयोजक- संस्कृति विभाग उ0प्र0)

4- उक्त के अतिरिक्त वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, जिनका विवरण संलग्नक में दिया गया है; का भी आयोजन भव्यता से किया जाए।

5- समस्त विभागों एवं समस्त जनपदों द्वारा Commemoration of 150 Years of Vande Mataram हेतु 'नोडल अधिकारी' नामित किए जाएँ एवं आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की सूचना संस्कृति विभाग के पोटल https://culturalevents.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

6- सभी कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स व वीडियो Campaign Website पर अपलोड किए जाएं।

7- उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्त निर्देशानुसार व्यापक जनसहभागिता से सम्पूर्ण प्रदेश में 'वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष' के सभी कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(एस.पी. गोयल)
मुख्य सचिव

324/2025/जी०एस०-53(1)/चार-2025-198552

संख्या- /चार-2025 तद्दिनांक

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्ध०शा०पत्र संख्या 21/1/2025-C&M दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 के क्रम में सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, मा० संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
5. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, संस्कृति निदेशालय उ०प्र०, जवाहर भवन लखनऊ।
7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त विभागाध्यक्ष।
9. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(अमृत अभिजात)
प्रमुख सचिव

संo-जीo आइo-53/चार-2025


विवेक अग्रवाल
सचिव
Vivek Aggarwal
Secretary


सत्यमेव जयते


नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE
NEW DELHI 110 001


D.O. No.CM-21/1/2025-C&M

October 27, 2025

Dear Shri Goyal,

2025 marks 150 Years of Vande Mataram. Our national song "Vande Mataram", by Bankim Chandra Chatterjee is believed to have been written during the auspicious occasion of Akshaya Navami which in 1875 was on 7th November. Vande Mataram first appeared in the literary journal Banga darshan, as part of his novel Anandamath in a serialised manner and later as a standalone book in 1882. During that period, India was undergoing major social, cultural and political changes, and there was a growing consciousness of national identity and resistance to colonial rule. The song, invoking the Motherland as the embodiment of strength, prosperity and divinity, gave poetic expression to India's awakening spirit of unity and self-respect. It soon became an enduring symbol of devotion to the nation.

2. The popularity of Vande Mataram grew rapidly in the late 19th and early 20th centuries. On 24th January 1950, while announcing the adoption of the Constitution, Dr. Rajendra Prasad, the First President of independent India and also as President of the Constituent Assembly, stated that the song Vande Mataram, which had played a historic part in the struggle for India's freedom, shall be honoured equally with Jana Gana Mana and have equal status with it. Since Independence, Vande Mataram has continued to hold a place of special honour in official ceremonies, public events and educational institutions, representing the ideals of patriotism, unity and service to the nation.

3. In recognition of its historic importance and national significance, the Union Cabinet, chaired by the Hon'ble Prime Minister, on 1st October 2025 approved the nationwide celebrations to mark 150 years of the national song, Vande Mataram. The commemoration provides an opportunity to highlight the contribution of Bankim Chandra Chatterjee and to reaffirm the values of unity, sacrifice and love for the Motherland that the song embodies.

4. In the above context, Government of India has decided to commemorate 150 Years of Vande Mataram through year-long commemorative activities across the country from 7th November 2025 to 7th November 2026. The details of the year long commemorative activities and action plan has been approved by the National Implementation Committee on 24th October 2025.

5. Further, in accordance with the directions of the National Implementation Committee (NIC), the activities to be carried out by the States/ Union Territories towards Commemoration of 150 Years of Vande Mataram are highlighted in **Annexure I**.

6. In this regard, it is requested to nominate a Nodal Officer from your State/ Union Territory to coordinate with the Ministry of Culture for effective implementation to commemorate 150 Years of Vande Mataram.

With regards,

Yours sincerely,

(Vivek Aggarwal)

Shri Shashi Prakash Goyal
Chief Secretary
Government of Uttar Pradesh
Lucknow

Annexure 1

Commemoration of 150 Years of Vande Mataram

Commemoration phases:

The overall commemoration is envisaged with 4 phases of concentrated activities

| | |
|---|---|
| Phase 1 | 7-14 November, 2025 |
| Phase 2 | 19 -26 January 2026 (Around Republic Day) |
| Phase 3 | 7-15 August 2026 (Along with Har Ghar Tiranga 2026) |
| Phase 4 | 1-7 November 2026 (Closing Week) |

**List of activities for States/Union Territories**

| Sl. No. | Timeline | Activity |
|---|---|---|
| 1 | 7th November 2025 | • Large scale programmesto be held in all State/ UT led by Chief Minister, Governor, Lt Governor on 7 November 2025<br>  ◦ Vande Mataram Concert to be held with prominent singers from the region to present different adaptations of Vande Mataram and other<br>  ◦ Short film on Vande Mataramwill be screened<br>  ◦ Film of release of commemorative stamp and coin released at the national event to be played<br>  ◦ Exhibition on the history of Vande Mataramto be displayed<br>  ◦ Photos and videos of the events will be uploaded to the campaign website<br>  ◦ Mass singing of Vande Mataram, with prominent personalities and citizen, to be organized as part of every programme.<br>• Similar programmes based on Vande Mataram to be organized up to the tehsil level with widespread public participation, in the presence of local officials on 7th November<br>• States and Union Territories and schools/colleges across the country to organize Vande Mataram concerts in line with the national programme happening on 7th November 2025<br>• Mass singing of Vande Mataram, with prominent personalities and citizen, to be organized in every district i.e., across cities/ towns at the tehsil level, ULBs, etc and same to be uploaded on the campaign website. |
| 2 | Year long | • Vande Maataram related Programmes to be held in all schools and colleges of the State/UT.<br>• Programmes to be held in all cities/ towns at the tehsil level of all States and Union Territories<br>• Mass singing of Vande Mataram to be organized on various days<br>• Year-long programmes to be executed by institutions under the Governments State / Union Territories in collaboration with departments under Central Government.<br>• Details of all programmes to be uploaded on campaign website. |
| 3 | | For student outreach, activities like special assemblies dedicated to Vande Mataram, essay competitions, debates, poster making etc. to be organized in schools. |
| 4. | | State Police bands to perform programmes based on Vande Mataram and patriotic songs at public places and a calendar of these programmes to be released |

| | |
|---|---|
| 5 | Quiz based on Vande Mataram to be organized across schools, colleges, Universities, educational institutions etc |
| 6 | Exhibition on Vande Mataram to be organized in locations with high footfall |
| 7 | Vande Mataram theme to be incorporated into the local Republic Day programs |
| 8 | Vande Mataram torch relay to be organized |
| 9 | Vande Mataram music programmes to be organized by bands of schools, colleges, NCC etc. in campuses |
| 10 | **Vande Mataram Audio Booth**<br>• Vande Mataram audio video booths to be set up across States and UT under Public Private Partnership. It will have the facility to record singing of Vande Mataram and upload iton the campaign portal<br>• People will be able to listen to different versions of Vande Mataram in the booth<br>• 'Karaoke' facility of Vande Mataram will be provided in the campaign portal in which citizens will be able to upload Vande Mataram by singing it in their own voice |

# कार्यालयः शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) उ0 प्र0, प्रयागराज

पृष्ठांकन संख्या डिग्री विकास/ 2070 - 74 /2025–26 दिनांक 06.11.2025

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि शासन के पत्र दिनांक 04.11.2025 में प्रस्तर 2 एवं 5 में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चत करें। कुलसचिव एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश कृत कार्यवाही की आख्या इस कार्यालय की ईमेल–पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समस्त प्राचार्य सम्बन्धित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, को ही कृत कार्यवाही की सूचना प्रेषित करेंगे।

1–कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश।
2–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3–अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद लखनऊ अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों को निर्देशित करें।
4–प्राचार्य, राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उ0 प्र0।
5–तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0 प्र0, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि वेबसाइट पर अपलोड करायें।

6/11/25

डॉ0 (शशि कपूर)
संयुक्त निदेशक (उ0शि0)
कृते–शिक्षा निदेशक (उ0शि0)
प्रयागराज।